Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 102 ◻ रायपुर, बुधवार 6 मई 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

राजधानी के पंडरी इलाके में देर रात हुए गोली कांड

शराब के नशे में मदहोश आरोपी ने लायसेंसी पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ फायरिंग की, दो की हुई मौत

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी के पंडरी इलाके में देर रात हुए गोली कांड मामले में जिसमें एक महिला की हत्या हुई। कमिश्नरेट पुलिस इस मामले को सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट में कराने की कवायद में है। विदित हो कि पंडरी के उषा प्राईड के पहले फ्लोर में दामाद ने ही कई फायर कर दिए जिससे उसकी एक साली की रात को ही मौत हो गई,जबकि एक की मौत सुबह उपचार के दौरान हुई है। पुलिस मौके पर बहुत ही जल्द पहुंच गई थी,जिस वजह से आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया गया।

आरोपी जितेंद्र वर्मा और उसकी पत्नी खिलेश्वरी के बीच पारिवारिक विवाद था। यह विवाद बीते कुछ महीनों से बढ़ गया था। खिलेश्वरी को जितेंद्र की शराब से आपत्ति थी और जितेंद्र को खिलेश्वरी की अपने जीजा और बहन से निकटता पर आपत्ति थी। विवाद जब बहुत बढ़ गया तो खिलेश्वरी अपनी बिटिया को? लेकर मायके आ गई।जितेंद्र बीच बीच में ससुराल जाकर बेटी से मिलता था,लेकिन

पांच मई की रात जबकि जितेंद्र वर्मा ससुराल पहुंचा तो बेटी नहीं थी और ना ही उसकी पत्नी थी।दोनों को लेकर उसे यह बताया गया कि, दोनों जीजाजी और दीदी के पास गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह जानकारी मिलते ही जितेंद्र वर्मा आपे से बाहर हो गया। शराब के नशे में मदहोश जितेंद्र ने लायसेंसी पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस को आशंका है कि जिस अंदाज में उसने फायरिंग की,उससे ससुराल का कोई सदस्य नहीं बचता,लेकिन पिस्टल ने उतना साथ नहीं दिया। कई बुलेट बगैर फायर के जमीन पर गिरी मिलीं हैं। लेकिन कुछ गोलियां जो उसने चलाई वह उसकी दो सालियों को लगी जिनमें से गीतांजली की मौत अस्पताल पहुंचते ही हो गई जबकि दुर्गेश्वरी की मौत सुबह उपचार के दौरान हुई है।

पूरे घटनाक्रम की इकलौती प्रत्यक्ष दर्शी आरोपी जितेंद्र वर्मा की सास है। पुलिस जल्द ही उनका कलम बंद बयान दर्ज करा सकती है। अपुष्ट जानकारी के अनुसार जितेंद्र और उसकी पत्नी के संबंध तलाक तक पहुंच गए थे,लेकिन वह ऐसी हरकत कर देगा,इसका अंदाज किसी को नहीं था।

रायपुर कमिश्नरेट के नॉर्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर ने द हिट से कहा -हमारा प्रयास है कि,आरोपी की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सके। प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य के साथ फॉरेंसिक और अन्य अहम सबूत हैं जो आरोपी को सजा दिला देंगे। जितेंद्र वर्मा को लेकर यह खबरें हैं कि, वह राजधानी के प्रभावशाली और नामचीन लोगों का बॉडी गार्ड रहा है। वह लंबे अरसे तक बाउंसर का भी काम कर चुका है। जितेंद्र की फेसबुक प्रोफाइल में दो वीडियो हैं जो उसकी बेटी के हैं,कुछ और जो तस्वीरें हैं उनमें वह अपने सहयोगियों के साथ दिख रहा है। फेसबुक में सभी तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नही है।मगर जो उपलब्ध हैं उसमें कुछ विचित्र या संकेत देता सा नहीं है।

नदी में डूबने से चाचा-भतीजा की मौत, मचा हड़कंप

सरगुजा, 6 मई (हाईवे चैनल)। अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित घुनघुट्टा नदी में डूबने से चाचा-भतीजा की मौत हो गई। जबकि डूब रहे एक नाबालिग को लोगों ने किसी तरह बाहर निकाल लिया। उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। 10 दिन पहले घुनघुट्टा नदी में इसी जगह पर डूबने से मामा-भांजी की मौत हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के मायापुर निवासी उज्ज्वल भारती (17) पिता कृष्णा प्रसाद भारती, चाचा अमन कुमार (19) उत्तरप्रदेश से दो दिन पहले अंबिकापुर घूमने आया था। मंगलवार को दोपहर दोनों चाचा-भतीजा, उज्ज्वल के एक दोस्त जरहागढ़ निवासी समर्थ सोनी (17) को फोन कर बुलाया। समर्थ अपने 8 वर्षीय भतीजे को साथ लेकर पहुंचा। अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर स्थित ग्राम मेंड्राकला के घुनघुट्टा नदी में नहाने के दौरान अमन गहरे पानी में डूबने लगा। समर्थ सोनी और उज्ज्वल ने उसे बचाने की कोशिश की तो वे भी डूबने लगे। तीनों को डूबता देख नदी के मेड़ पर खड़े समर्थ सोनी के भतीजे ने शोर मचाया।

कोंडागांव में सड़क हादसा: बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, 8 घायल

कोंडागांव, 6 मई (हाईवे चैनल)। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां बारातियों से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा पूसपाल गांव के पहाड़ी मार्ग पर हुआ। बारात में शामिल होकर लौट रही पिकअप जैसे ही पहाड़ी रास्ते से गुजर रही थी, तभी चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी सड़क किनारे पलट गई।

हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों में 4 बच्चे, 2 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर तत्काल नजदीकी जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। फिलहाल सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन कुछ की स्थिति पर डॉक्टरों की नजर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

ब्रेकिंग न्यूज

छत्तीसगढ़ के नए मुख्य आयकर आयुक्त बनाए गए संजीव कुमार

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने देश भर 57 आयकर

आयुक्त और महानिदेशक आयकर अन्वेषण के तबादले किए हैं। केंद्रीय राजस्व विभाग से जारी आदेशानुसार संजीव कुमार छत्तीसगढ़ के नए मुख्य आयुक्त होंगे। वे दिल्ली से स्थानांतरित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक पदस्थ रहे देवरञ कुमार के 30 अप्रैल को रिटायर होने से हुई रिक्ति पर नई नियुक्ति की गई है। संजीव कुमार अब तक दिल्ली में ओएसडी थे। इसी तरह से सीजी एमपी सर्किल के इंदौर रीजन में तरूण सीम नए आयुक्त होंगे।

'भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता', राहुल बोले- निष्पक्ष चुनाव हुए तो 140 सीटें भी नहीं जीतेंगे

नई दिल्ली, 6 मई (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में

भाजपा के हर छठे सांसद ने वोट चोरी के जरिए जीत हासिल की है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अगर देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं तो बीजेपी 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा कि वोट चोरी से कभी एक सीट चुराई जाती है और कभी पूरी सरकार। लोकसभा में बीजेपी के 240 सांसदों में लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी करके पहुंचा है। उन्होंने भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा कि ऐसे सांसदों की पहचान करना मुश्किल नहीं है। राहुल गांधी ने भाजपा की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए सवाल किया कि क्या ऐसे लोगों को घुसपैठिया कहा जाना चाहिए। उन्होंने हरियाणा सरकार को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि वहां पूरी सरकार ही घुसपैठिया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, ममता बेनर्जी कह रहीं हैं मैं हारी नहीं हूं, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी।

चुहिया- हां जी, इस्तीफा दे दो मत दे, 7 मई कार्यकाल का अंतिम दिवस है, फिर स्वमेव नहीं रहेगी मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अखबार में प्रकाशित पेयजल समस्या की खबर पर लिया त्वरित संज्ञान

- सुबह अखबार पढ़ते ही कलेक्टर सरगुजा को फोन कर दिए समाधान के निर्देश
- मैनपाट के सपनादर स्थित चेराजोबला बस्ती में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र की चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज सुबह समाचार पत्रों का अवलोकन करते समय नाला और ढोढ़ी के दूषित जल पर आज भी निर्भर हैं वनवासी शीर्षक से प्रकाशित खबर को गंभीरता से लिया और सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने

अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेराजोबला बस्ती में पेयजल संकट की स्थिति का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के निवास वाले क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ ज़मीन पर सुनिश्चित करना है।

ज्वेलर्स शॉप के मैनेजर पर लुटेरों ने तलवार से किया हमला, एक करोड़ के गहने लूटकर हुए फरार, पुलिस ने इलाके में की घेराबंदी

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। रायपुर जिले के खरोरा इलाके में बड़ी लूट की वारदात हुई है। विनायक ज्वेलर्स के मैनेजर पर अज्ञात बदमाशों ने तलवार से हमला कर करीब 1 करोड़ रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लूट कर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना .इत्ले ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, जब विनीत सोनी नामक ज्वेलर का मैनेजर तिल्दाडीह स्थित दुकान बंद कर दूसरी ब्रांच से जेवरात लेकर खरोरा लौट रहा था। तभी 2 से 3 बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। हमले में मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही खरोरा थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस आसपास के इलाके में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सरकार और विस्तार: तमिलनाडु में कल और बंगाल में 9 को शपथ ग्रहण, बिहार को मिलेंगे नए मंत्री, एमपी में भी अटकलें

नई दिल्ली, 6 मई (न्यूज चैनल)। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार पश्चिम बंगाल में कमल खिलने में कामयाब हुई भाजपा की नई सरकार का शपथ ग्रहण नौ मई को होगा। पार्टी शपथ समारोह से राज्य में नया सवेरा एवं बंगाल की संस्कृति से सीधा जुड़ने का संदेश भी देगी।

भाजपा के लिए बंगाल की क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए गृह मंत्री अमित शाह को मुख्य केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी की प्रचंड जीत के सूत्रधार

माने जाने वाले शाह के साथ ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक होंगे। सूत्रों के अनुसार, चुनाव के दौरान पार्टी का चेहरा रहे शुभेंदु अधिकारी नए मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विधायक दल की बैठक बृहस्पतिवार तक हो सकती है। कभी ममता बनर्जी के सबसे नजदीकी और तृणमूल कांग्रेस में नंबर दो की हैसियत रखने वाले शुभेंदु को राज्य की व्यापक भौगोलिक व प्रशासनिक समझ है। बीते चुनाव में नंदीग्राम में ममता को हरा कर चर्चा में आने वाले शुभेंदु ने इस बार भी ममता को करारी शिकस्त दी है। चुनाव में नेतृत्व ने नंदीग्राम के साथ उन्हें ममता के खिलाफ भवानीपुर से भी मैदान में उतारकर पार्टी का चेहरा बनाने का संकेत दिया गया था। भाजपा ने विधानसभा की 293 में से 207 सीटें जीती हैं, जबकि तृणमूल 80 सीटों पर सिमट गई। यह स्थिति 2021 के लगभग उलट है, जब तृणमूल कांग्रेस ने 215 और भाजपा ने 77 सीटें जीती थीं।

चुनाव बाद बंगाल में बवाल: मूर्तियां टूटीं, दफ्तर जले और दो कार्यकर्ताओं की मौत; संदेशखाली में सीआरपीएफ जवान घायल

नई दिल्ली, 6 मई (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही राज्य में राजनीतिक हिंसा का भयंकर दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कई प्रमुख इलाकों से आगजनी, भारी तोड़फोड़ और हत्या की खौफनाक खबरें लगातार सामने आ रही हैं। आक्रोशित भीड़ ने लेनिन की मूर्ति को तोड़ दिया है और कांग्रेस ने टीएमसी के एक दफ्तर पर अपना कब्जा जमा लिया है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में बुरी तरह से भिड़ गए हैं, जिससे चारों तरफ तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। चुनाव आयोग ने राज्य में इस बढ़ती राजनीतिक हिंसा को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई

करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं।

इस चुनावी हिंसा की आग में मुख्य रूप से आसनसोल, कोलकाता, न्यू टाउन और बीरभूम जैसे संवेदनशील इलाके सबसे ज्यादा झुलस रहे हैं। मंगलवार को भड़की इस भीषण हिंसा में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को अपनी जान गंवानी पड़ी है। न्यू टाउन इलाके में भाजपा की एक विजय रैली निकल रही थी, उसी दौरान हुए विवाद में भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। वहीं, बीरभूम जिले के नानूर इलाके में टीएमसी कार्यकर्ता अबीर शेख की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इसका सीधा आरोप भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लगाया गया। इसके अलावा पूरे राज्य में कई जगहों पर विशेष रूप से टीएमसी के दफ्तरों को निशाना बनाया गया है और उनमें जमकर आगजनी की गई है।

आसनसोल उत्तर के कोर्ट मोड़ इलाके में टीएमसी पार्षद मौसमी बोस के दफ्तर को देर रात आग के हवाले कर दिया गया। आग इतनी भयंकर थी कि पूरा दफ्तर जलकर खाक हो गया और पास की एक दुकान को भी भारी नुकसान पहुंचा। स्थानीय भाजपा विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को देकर आग पर काबू पाया। इसी तरह, कोलकाता के कसबा इलाके में रूबी क्रॉसिंग के पास और टॉलीगंज में भी भीड़ ने भाजपा के झंडे लेकर टीएमसी नेताओं के दफ्तरों में भारी तोड़फोड़ की। सिलीगुड़ी में भी टीएमसी कार्यालय में आग लगाने की घटना का वीडियो सामने आया है, जिससे राज्य में कानून व्यवस्था पर गहरे सवाल उठ रहे हैं। इस खौफनाक हिंसा को लेकर टीएमसी और भाजपा के बीच तीखी बयानबाजी और भारी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। टीएमसी सांसद सागरिका घोष और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा चुनाव जीतने के बाद सरेआम गुंडागर्दी पर उतर आई है और हमारे उम्मीदवारों तथा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमले कर रही है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सौंपा इस्तीफा, नई सरकार के गठन की तैयारी

नई दिल्ली, 6 मई (न्यूज चैनल)। असम के मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा, जिससे नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। हिमंत विश्व शर्मा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कहा कि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हमें कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने के लिए कहा है।

इसके साथ ही असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल ने राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम बुधवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सौंप दिए। गोयल के नेतृत्व में ध्रुवह कार्यालय की एक टीम ने यहां लोक भवन में राज्यपाल से मुलाकात की और निर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी। आधिकारिक परिणाम प्राप्त होने के बाद अब राज्यपाल नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के

नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में दो-तिहाई बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है। भाजपा ने 82 सीट जीतीं, जबकि उसके सहयोगी असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 10-10 सीट हासिल कीं। कांग्रेस 19 सीट जीतने में कामयाब रही और उसके सहयोगी रायजोर दल ने दो सीट जीतीं। इसके अलावा अन्य विपक्षी दलों में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने दो सीट तथा तृणमूल कांग्रेस ने एक सीट जीती।